(5)

FORM N0. III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

विद्या देवी 31/10/19

अज अदालत अतिरिक्त संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

विद्यादेवी अन्य बनाम नन्दू व अन्य

किस्म मुकदमा /अपील एल0आर0/नं0 17/सन् 2018 भीलवाडा

2018/00017

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज श्री भरत गुर्जर एड0	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.03.2018	पत्रावली बाद जांच पेश हुई। अपीलान्ट अभि0 श्री भरत गुर्जर उपस्थित हैं उन्हें अपील के तथ्यों पर सुना गया। अपील Subject to Limitation दर्ज रजिस्टर की जावें। अपील के साथ प्रार्थना पत्र स्थगन पेश किया गया। जिस पर अभिभाषक अपीलांट की एक पक्षीय बहस सुनी गयी। अभिभाषक अपीलांट ने दौराने बहस प्रार्थना पत्र निवेदन किया कि विवादित आराजीयात की प्रार्थीया खातेदार काश्तकार होकर मौके पर काबिज चली आ रही है एवं प्रथम दृष्टया सुविधा का संतुलन प्रार्थी के हक में है। यदि तहसीलदार, भीलवाडा के आदेश दिनांक 26.12.2017 की पालना को स्थगित नहीं फरमाया गया तो अप्रार्थी विवादित भूमि को राजस्व रेकार्ड में अपने नाम दर्ज करवाकर प्रार्थीगण को भूमि से बेदखल कर भूमि का अन्य व्यक्तियों को बेचान कर देगी, जिससे प्रार्थीयां को अपूर्णनीय क्षति होगी, जिसकी कमी पूर्ति मुद्रा में नहीं हो सकेगी। अभिभाषक अपीलांट की एक पक्षीय बहस पर मनन किया गया एवं अधीनस्थ न्यायालय के आदेश की प्रति एवम् उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। बाद मनन हम आगामी तारीख पेशी तक प्रश्नगत् आराजियात के क्रम में अपीलाधीन आदेश का क्रियान्वयन स्थगित किया जाना उचित समझते है। **अतःस्थगन आदेश दिये जाते है कि तहसीलदार, भीलवाडा के आदेश दिनांक 26.12.2017, प्रकरण संख्या 08/2014 का क्रियान्वयन आगामी पेशी दिनांक 30.04.2018 तक स्थगित किया जाता है।** , रेस्पोडेन्ट संख्या 01 से 3 को नोटिस जारी किये जावें। अधीनस्थ न्यायलय का रिकार्ड तलब किया जाकर, पत्रावली दिनांक 30.04.2018 को पेश हों। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त अजमेर	नोटिस 3633 2-4-18 रेट स्टेआर्डर 3632 2-4-18

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Sattar Khan
Date: 2019.11.28 11:28:12 IST
Reason: SelfAttested